# विधान सभा सचिवालय
# मध्यप्रदेश

## // निविदाएं -आमंत्रित //

निविदा क्रमांक/25614 /वि.स./स्टे./25 भोपाल,दिनांक 19/12/2025

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय के वाहन चालकों एवं चतुर्थ श्रेणी पुरूष कर्मचारियों के उपयोगार्थ वर्दी के कपड़े एवं वर्दी के साथ लगने वाली अन्य सामग्री का क्रय किया जाना है। इच्छुक पंजीकृत फर्मो द्वारा प्रस्तावित सामग्री एवं कपड़ा प्रति मीटर/प्रति नग/प्रति जोड़ की दर (GST सहित), नमूना संलग्न करते हुये छूट इत्यादि की जानकारी एवं राशि रूपये 10,000/- (अक्षरी राशि रूपये दस हजार) मात्र का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट/मियादी जमा (प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा भोपाल के नाम से देय) सहित सीलबंद निविदाएं दिनांक 02.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक विधान सभा के प्रवेश-पत्र कार्यालय के समक्ष रखी निविदा पेटी में डाली जा सकती है। निविदा फार्म एवं सामान्य शर्ते कार्यालयीन दिवस में इस सचिवालय के प्रवेश-पत्र कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 05.30 बजे तक नि:शुल्क प्राप्त की जा सकती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण विधान सभा की वेबसाइट **www.mpvidhansabha.nic.in** पर भी देखा जा सकता है, निविदा दिनांक 02.01.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे निविकर्ताओं के समक्ष खोली जावेंगी।

क्रय किये जाने वाले कपड़े एवं अन्य सामग्री का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सफारी सूट का कपड़ा (ग्रे कलर या समकक्ष, प्रतिष्ठित कम्पनी) | 128.80 मीटर |
| 2 | ब्लेज़र का कपड़ा (नेवी ब्ल्यू या समकक्ष, प्रतिष्ठित कम्पनी) | 110 मीटर |
| 3 | लेदर शूज़ (ब्लेक, प्रतिष्ठित कम्पनी) | 23 जोड़ |
| 4 | स्पोर्टस शूज़ (सफेद या समकक्ष, प्रतिष्ठित कम्पनी) | 23 जोड़ |
| 5 | मोजे (नेवी ब्ल्यू या समकक्ष, प्रतिष्ठित कम्पनी) | 46 जोड़ |

1. निविदाओं को मान्य व अमान्य करने तथा क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा परिवर्तित करने का संपूर्ण अधिकार मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय भोपाल को होगा।
2. बिना बैंक ड्राफ्ट या अपूर्ण निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अपर सचिव
मध्यप्रदेश विधान सभा.

# विधान सभा सचिवालय
# मध्यप्रदेश

## // निविदा - फार्म //

क्रमांक............

प्रति,

प्रमुख सचिव महोदय,
मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय,
भोपाल.

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी........................................निविदाकर्ता, दिनांक................. को वाहन चालकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वर्दी का कपड़ा एवं अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा प्रस्तुत करता/करती हूँ :-

1. फर्म / संस्था का नाम :- ..................................................................
2. निविदाकर्ता का नाम :- ..................................................................
3. पिता/पति का नाम :- ..................................................................
4. स्थायी पता :- ..................................................................
5. अस्थायी पता :- ..................................................................
6. मोबाइल नम्बर :- ..................................................................
7. अमानत राशि का विवरण:- बैंक का नाम....................................................
   बैंक ड्राफ्ट/डी.डी.क्रमांक................दिनांक...............
   राशि रूपये.......................................................

संलग्न :- 1.वर्दी एवं अन्य सामग्रियों के क्रय संबंधी शर्ते ।
2.वर्दी एवं अन्य सामग्री की सूची ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर..........................

निविदाकर्ता का नाम............................

फर्म/संस्था की सील

# विधान सभा सचिवालय
## मध्यप्रदेश

**वर्दी का कपड़ा (प्रतिष्ठित कम्पनी) एवं वर्दी से संबंधित अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु नियम एवं शर्तों का उल्लेख निम्नानुसार है :-**

1. निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री जैसे-कपड़े, जूते-मोजे आदि की दरें GST सहित दर्शायी जाये। निविदाकर्ता के द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री उन्हें स्वयं के व्यय पर विधान सभा में पहुंचानी होगी।
2. निविदा में प्रदाय सामग्री की कम्पनी, गुणवत्ता का पूर्ण विवरण मय क्वालिटी/शेड क्रमांक एवं नमूने सहित देना होगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक समस्त सामग्रियों के नमूनें विधान सभा सचिवालय की लेखन सामग्री शाखा (स्टेशनरी) को उपलब्ध करावें। समय-सीमा में नमूने उपलब्ध नही होने पर सामग्री के क्रय पर विचार किया जाना संभव नही होगा।
3. निविदाकर्ता को प्रदायित कपड़े की कम्पनी के अधिकृत डीलर का प्रमाण-पत्र निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
4. निविदाकर्ता को प्रतिष्ठान का पंजीयन क्रमांक, दुकान स्थापना अधिनियम के तहत् प्रमाण-पत्र, विगत 02 वर्षों का आयकर, GST पंजीयन क्रमांक अंकित करने के साथ-साथ वर्तमान में वैद्य PAN No., वस्तु एवं सेवाकर (GST) अदायगी का अभिप्रमाणित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। उक्त सभी प्रमाण-पत्र अद्यतन होना आवश्यक है।
5. निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रतिभूति राशि रूपये 10,000/- (अक्षरी राशि रूपये दस हजार मात्र) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट/मियादी जमा रसीद/बैंकर्स चैक **प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय भोपाल** के नाम जमा करना होगा। जमा की गई राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा।
6. वर्दी का कपड़ा एवं अन्य सामग्री का क्रय आदेश मिलने के पश्चात संस्थान द्वारा 07 दिवस् के भीतर सामग्री प्रदाय करनी होगी। समय पर सामग्री प्रदाय नही करने पर आपकी निविदा निरस्त कर, अमानत राशि भी राजसात की जा सकती है।
7. निविदाओं की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का पूर्ण अधिकार प्रमुख सचिव, म.प्र. विधान सभा को होगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त किया जा सकेगा।
8. निविदा **दिनांक 02.01.2026 को** अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा परिसर स्थित प्रवेश पत्र कार्यालय में रखी निविदा पेटी में डाली जा सकती है तथा निविदा उक्त दिनांक को ही अपराह्न 03.30 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष समिति **कक्ष क्रमांक ......** में खोली जावेगी।
9. निविदाकर्ता **प्रतिष्ठित कम्पनी** के अच्छी गुणवत्ता के वर्दी के कपड़ों एवं अन्य सामग्री की दरें एवं नमूनें प्रेषित करें, जिनकी उपलब्धता आगे भी बनी रहे।
10. वांछित मात्रा में चाहॉ गया कपड़ा लगभग 16 मीटर या उससे अधिक के थान में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। आवश्यकता होने पर प्रदायित कपड़े की मात्रा पूर्ण किये जाने हेतु एक या दो थान 16 मीटर से कम का उपलब्ध करा सकते है।
11. जिस संस्थान की निविदा स्वीकृत होगी उसे छोड़कर शेष अन्य निविदाकारों की अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/डी.डी.आवेदन प्राप्त होने पर यथा समय पावती लेकर वापस किया जावेगा।
12. क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी/वृद्धि की जा सकती है।
13. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।
14. निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदाकार को उपुर्यक्त सभी शर्ते मान्य है।

अपर सचिव
मध्यप्रदेश विधान सभा.

**क्रमांक 01 से 14 तक दर्शित शर्तों के संबंध में मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि :-**

1. निविदा फार्म पर किये गये हस्ताक्षर मेरे स्वयं के है।
2. निविदा फार्म पर दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य हैं तथा किसी भी गलत जानकारी के लिये मैं स्वयं पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।
3. आदेशित वर्दी का कपड़ा/अन्य सामग्री निर्धारित समय में प्रदाय न करने, प्रेषित सामग्री उचित गुणवत्ता की न होने पर मेरी प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जायें।
4. वर्दी का कपड़ा/अन्य सामग्री क्रय के संबंध में क्रय समिति द्वारा लिया गया निर्णय मेरे लिये सर्वोपरि होगा तथा मैं उसे स्वीकार करूंगा/करूंगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
फर्म / संस्थान का नाम / सील

# विधान सभा सचिवालय
# मध्यप्रदेश

## क्रय योग्य वर्दी का कपड़ा एवं अन्य सामग्री की सूची, अनुमानित मात्रा सहित

| क्र. | क्रय योग्य सामग्री का विवरण | क्रय की मात्रा | दर GST सहित प्रति मीटर/ नग/जोड़ | कम्पनी का नाम, क्वालिटी/शेड क्रमांक | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 वाहन चालकों एवं 32 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के उपयोगार्थ | | | | | |
| 1 | सफारी सूट का कपड़ा<br>रंग- ग्रे या समकक्ष<br>(प्रतिष्ठित कम्पनी का उच्च गुणवत्ता पूर्ण कपड़ा)<br>(वाहन चालकों के उपयोगार्थ) | 128.80 मीटर | | | |
| 2 | ब्लेज़र का कपड़ा,<br>रंग- नेवी ब्ल्यू या समकक्ष<br>(प्रतिष्ठित कम्पनी का उच्च गुणवत्ता पूर्ण कपड़ा)<br>(23 वाहन चालक + 32 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु) | 110 मीटर | | | |
| 3 | लेदर शूज़,<br>रंग- ब्लेक (प्रतिष्ठित कम्पनी)<br>(वाहन चालकों के उपयोगार्थ) | 23 जोड़ | | | |
| 4 | स्पोर्टस शूज़,<br>रंग- सफेद या समकक्ष (प्रतिष्ठित कम्पनी)<br>(वाहन चालकों के उपयोगार्थ) | 23 जोड़ | | | |
| 5 | मोजे,<br>रंग-नेवी ब्ल्यू या समकक्ष (प्रतिष्ठित कम्पनी)<br>(वाहन चालकों के उपयोगार्थ) | 46 जोड़ | | | |